भारत स्काउट्स एवं गाइड्स
बेहतर भारत के निर्माण की ओर

राष्ट्रीय मुख्यालय

पताः लक्ष्मी मजूमदार भवन, 16, महात्मा गाँधी मार्ग, इन्द्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली–110002

वेबसाइटः www.bsgindia.org इमेल आईडी: info@bsgindia.org दूरभाष:+91-11-23370126, 23378667

प्रति,
समस्त राज्य सचिव
भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य संघ
भारतीय संघ

परिपत्र संख्या : 202/2024
दिनॉक : 21 अक्टूबर, 2024

विषयः 10 जनवरी, 2025 को विश्व हिंदी दिवस सेलिब्रेशन के सम्बन्ध में

महोदय/महोदया,

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय की ओर से शुभकामनाएं!

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स प्रत्येक वर्ष **10 जनवरी** को **विश्व हिंदी दिवस** आयोजित करता आ रहा है, विश्व हिन्दी दिवस का उद्देश्य हिन्दी भाषा को बढ़ावा देना है और उसके महत्व को समझना है। हिन्दी जो कि हमारे देश की राष्ट्रभाषा और प्रमुख भाषाओं में एक है यह न केवल भारत में बल्कि विदेशों में भी अपनी पहचान बना चुकी है। अतः इस दिन हमें संकल्प लेना चाहिए की हम हिन्दी भाषा को और अधिक समृद्ध और लोकप्रिय बनाने का प्रयासरत रहेगें।

भारत सरकार के संघीय स्तर पर हिंदी को एक आधिकारिक भाषा के रूप में शामिल करने के लिए सेलिब्रेशन के अलावा, इस दिन का उद्देश्य व्यक्तियों में हिन्दी भाषा के प्रति जुनून जगाना भी है। विश्व हिंदी दिवस का एक और लक्ष्य हिंदी को एक ऐतिहासिक और वैश्विक भाषा के रूप में जागरूकता बढ़ाना है।

विश्व हिंदी दिवस का महत्व

विश्व हिंदी दिवस हिंदी भाषा के महत्व को दर्शाने और हिंदी बोलने वाले समुदाय का वैश्विक स्तर पर प्रतिनिधित्व करने के लिए मनाया जाता है। इस दिन को इतना महत्वपूर्ण क्यों माना जाता है, यह बिन्दु निम्न प्रकार हैं:

- हिंदी को अनौपचारिक रूप से भारत में, विशेषकर देश के उत्तरी भागों में, आधिकारिक भाषा माना जाता है।
- ''हिन्दी'' शब्द फ़ारसी शब्द हिंद से लिया गया है, जिसका अर्थ है ''सिंधु नदी का देश''।
- त्रिनिदाद और टोबैगो, नेपाल, सूरीनाम, गुयाना, मॉरीशस और फिजी में भी बहूत लोग हिंदी बोलते हैं।

- इसलिए, हम इस दिन को अंतर्राष्ट्रीय विश्व हिंदी दिवस के रूप में वैश्विक स्तर पर मनाने के लिए समर्पित हैं।

इस कार्यक्रम के माध्यम से हिन्दी भाषा से नई पीढि को इसकी समृद्ध विरासत से अवगत करना है। अतः सभी राज्य संघों से अनुरोध है कि वह राज्य स्तर पर गतिविधियां/प्रतियोगिताएं जैसे भाषण प्रतियोगिता, कविता पाठ, निबन्ध प्रतियोगिता हिन्दी गीतों पर नृत्य प्रतियोगिता आदि आयोजित करें और अधिक से अधिक सदस्यों को सेलिब्रेशन में शामिल होने के लिए प्रेरित करें और संक्षिप्त रिपोर्ट, सभी सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियों की तस्वीरें और लघु वीडियो **15 जनवरी, 2025** को या उससे पूर्व राष्ट्रीय मुख्यालय को pro@bsgindia.org, girlprogramme@bsgindia.org और एक प्रति info@bsgindia.org पर भेजें।

सादर धन्यवाद,

भवदीया,

(सुरेखा श्रीवास्तव)
उप–निदेशक गाइड्स
(बालिका कार्यक्रम)

प्रतिलिपिः

1 भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय के सभी पदाधिकारीगण।
2. अध्यक्ष/सचिव, रेलवे स्काउट और गाइड बोर्ड, रेल भवन, नई दिल्ली।
3. आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, 18 इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली –110016।
4. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, इंस्टीट्यूशनल एरिया, बी–15, सेक्टर–62, नोएडा, उत्तर प्रदेश–201309।
5. निदेशक, डी0ए0वी0
6. सभी जिला सचिव, जिला संघ दम्मम, रियाद, मस्कट और जमीयत यूथ क्लब।
7. सभी सहायक निदेशक, भारत स्काउट्स एवं ग ाइड्स कार्यवाही हेतु।